में खर्चा होगा तो ये सब जिले का विकास होगा। मेरे कहने का मतलब है कि उद्योगपति जो चोरी करते है पानी का चोरी कर रहे है, कोयला का चोरी कर रहे है जंगल की चोरी कर रहे है, लकड़ी चोरी कर रहे है अगर आप उस पर अंकुश लगायेंगे तो तो राजस्व बड़ेगा सरकार का, राजस्व बड़ेगा तो हमारे हिस्से में भी कुछ आयेगा हमारे घर तक आयेगा विकास, अभी तो विकास खोजना पड़ेगा तो अगर किसी फैक्ट्री का जनसुनवाई होता है तो बात केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं है आप ई.आई.ए. देखिये उसमें सामाजिक बात है कितने लोगो को नौकरी दिये है ये पूंजीपथरा इण्डस्ट्रीयल पार्क वाले 30–35 फैक्ट्रीयां है कितने लोगों को नौकरी दिया है आप पता लगाइये। हो सकता है डॉक्टर साहब ने लोकल लोगो को दिया होगा गांव वालों को कितने लोगो को दिया है नौकरी इन कंपनियों ने 30–35 फैक्ट्री है अगर 02 फैक्ट्री भी मिलके अगर पूंजीपथरा और तुमीडीह और सामारूमा और तराईमाल यहॉ के लोगो को नौकरी अगर देते तो एक भी आदमी बेरोजगार नहीं रहता इस गांव में नहीं देते है स्थानीय लोगो को तो हमारी जो चिंता है, हमारी पीड़ा है वो स्थानिय परेसानीय स्थानिय वातावरण है उसको लेकर के है यहा के लोगो को नौकरी नहीं मिलता और फैक्ट्री यहा खुलते जा रहा है, विस्तार होता जा रहा है तो ये चिंता हमारे अधिकारी आप है, कानुन संविधान में आपको अधिकार दिया है आपलोग नहीं करायेंगे तो हमको मिलेगा कैसे, हा ये बात है हमारी कि हमारे जिले का जो राजनीति है विधायक, सांसद इन प्रश्नों की ओर ध्यान नहीं देते है वो हम प्रयास कर रहे है उसको अगर विधायक सांसद करते तो हमको आने की क्या जरूरत है आप जॉच करिये सर आप बड़े अधिकारी है रायगढ़ जिले के, आप जॉच करिये फैक्ट्रियों में जाइये अब करिये उनको पूछिये जानकारी लीजिये भौतिक जानकारी तो निरीक्षण तो करिये मगर उनसे लीजिये पेपर कितने लोगो को नौकरी दिया है और नौकरी करने वाले कहा के है वो जॉच कर लीजिये अगर लोकल 2–4 होंगे भी तो किसी के सिफारिस से लगा होगा। आम आदमी नहीं कर सकता यहा के जिलो में नौकरी, क्यों उसकी सिफारिस नहीं है वो नहीं मिलेगा उसको नौकरी तो ये जो फैक्ट्रियों का रणनिति है इसको तोड़ना चाहिए जिला प्रशासन को जिला प्रशासन की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि रायगढ़ जिले के लोगो को भी काम मिले उद्योगों में। अच्छा ये बता दीजिए सर इतना बड़ ये पूंजीपथरा में इण्डस्ट्रीयल पार्क है 30–32 फैक्ट्री है यहॉ अस्पताल तक नहीं है, है क्या बता दीजिए हो सकता है मेरी जानकारी में ना हो, फिर ये जिंदल को कैसे अधिकार मिल गया इण्डस्ट्रीयल पार्क में कब्जा करने का, सरकार ने जिंदल को लीज में दे दिया और जिंदल सबको बाट रहा है जिंदल कहा से मालिक हो गया हमारा यह आपत्ति है, जिंदल इण्डस्ट्रीयल पार्क स्वतंत्र होना चाहिए, सरकार के अंडर में आना चाहिए और जो फैक्ट्रियां है वो लोग स्वतंत्र होना चाहिए उन लोगो ने जब खरीदा है तो, जिंदल उद्योग बिजली क्यों दे, जिंदल उद्योग क्यों बिजली देता है इण्डस्ट्रीयल पार्क के यूनिट को सरकार बिजली देना चाहिए आज जिंदल इण्डस्ट्रीयल पार्क में जो 30–35 फैक्ट्रियां है सब जिंदल की गुलामी क्यों करें, आजाद स्वतंत्र होना चाहिए बिजली ठीक से नहीं देता इसलिये वो लोग बैग फिल्टर नहीं चलाते हमारा ये आरोप है जिंदल स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड जिसको सरकार ने इण्डस्ट्रीयल पार्क में बिजली सप्लाई करने का जो अधिकार दिया है वो पर्याप्त बिजली नहीं देता इसके कारण बैग फिल्टर नहीं चल रहे है और उसेक कारण प्रदूषण हो रहा है। पर्यावरण के मुद्दो पर जिला प्रशासन को चिंता करना चाहिए और निष्पक्ष हो कर के पारदर्शी कार्यवाही करनी चाहिए और तब फिर किसी परियोजना की स्थापना पहले पर्यावरण का अध्ययन करना चाहिए तब फिर विस्तार की अनुमति देनी

चाहिए। मैं अभी इस कंपनी को विस्तार क्षमता विस्तार की अनुमति देने के खिलाफ में हूॅ इसपर मैं अपना आपत्ति दर्ज कराता हूॅ। धन्यवाद।

611. शुभम दुबे, तमनार – मैं इस जनसुनवाई का समर्थन करता हूॅ बाकी जो पर्यावरण के मुद्दे पर बात की थी सर उसपे थोड़ा ध्यान दे।

612. धनपत सिंह चौहान, तराईमाल – समर्थन है।

613. मुरलीधर चौहान – समर्थन है।

614. सत्यनारायण, तराईमाल – समर्थन है।

615. गुरूचरण, तराईमाल – समर्थन है।

616. रोशन – समर्थन है।

617. चमार सिंह उरांव, तराईमाल – समर्थन है।

618. मन्नु – समर्थन है।

619. राधेश्याम शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता, रायगढ़ – आज दिनांक को मेसर्स व्ही.ए. पॉवर एण्ड स्टील प्राईवेट लिमिटेड के विस्तार की जन सुनवाई का ये कार्यक्रम रखा गया है। हमारे लोकतंत्र में संविधान में पर्यावरण संतुलन के लिये विशेष अनुबंध अनुक्षेद रखा गया है क्योंकि मानवीय जीवन के साथ साथ पर्यावरण संतुलन के लिये सभी वनस्पति, जीवो के जीवन की सुरक्षा को ध्यान में रखकर संवैधानिक स्तर पर अनुच्छेद को रखा गया है। अलग–अलग राज्यों में जन सुनवाई होती है दूसरे राज्यों में भी देखने का अवसर मिलता है जाने का लेकिन छत्तीसगढ़ में जो जनसुनवाई की परम्परा चल निकली है वह एक विधि विरूद्ध परम्परा कही जानी चाहिए। जैसे राजनीतिक दल वोटिंग दिवस के दिन अपने पक्ष में वोट को प्रभावित करने के लिये जिन हथकंडो का उपयोग करते है उसी प्रकार औद्योगिक प्रतिष्ठान जनसुनवाई में भी अपने पक्ष में अभिमत प्राप्त करने के लिये सारे हथकंडो का उपयोग करती है। अब जनसुनवाई की प्रक्रिया को देखकर नहीं लगता की ये कानुन सम्मत जनसुनवाई है एक पिकनीक स्पाट में जितनी सुविधाये प्राप्त होती है वो जनसुनवाई स्थल में देखने को मिलत है। वो व्यक्तिगत इसी प्लांट के जनसुनवाई की नहीं है एक परम्परा सी चल निकली है और इस पर जिला प्रशासन के सक्षम अधिकारी मौन रहते है उस पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करते। जनसुनवाई स्थल पर भोजन का स्टॉल लगा हुआ है, शासन के तरफ से जो कर्मचारी आये है पुलिस के जो बल है उनको शासन कैसा मुवैया करवाती है यह अलग चीज है लेकिन सार्वजनिक तौर पर प्रत्येक आदमियों को भोजन क्या प्रशासन उपलब्ध करवाती है, इसकी जानकारी मैं लिया तो इस भोजन की व्यवस्था और यहा तक लाने की व्यवस्था तो उद्योग का होता है। पर्यावरण मंत्रालय को मेरा ये सुझाव है की जनसुनवाई स्थल के बाहर भी विडियोग्राफी होनी चाहिए की जो व्यक्ति आ रहे है वो स्वस्फुर्त यहा आकर के अपना अभिमत दर्ज कर रहे है की नहीं कर रहे है या उन्हे किसी वाहन के साधन से लाया जा रहा है। क्योंकि अभी मैं मेरे आगे में जो हमारे नवयुवक साथी थे उन्होने इस जनसुनवाई का समर्थन किया। जनसुनवाई को समर्थन करने का या आपत्ति विरोध दर्ज करने का कोई निजी कारण होना चाहिए और उतना व्यक्ति का दिमाग विकसीत होना चाहिए कि उसे समझ सके कि इससे क्या नुकसान है और क्या फायदा है। पर्यावरण मंत्रालय को जो ये जनसुनवाई की प्रक्रिया सम्पूर्ण रूप से प्रेषित की जाती है उसमें जो सिर्फ टिप्पणी मात्र रहता है की इसका विरोध है या समर्थन है, अगर उसके कारणों को दर्शाया नहीं जाता है तो उन्हे अवैध घोषित करना चाहिए उसे प्रक्रिया में जोड़ना नहीं चाहिए क्योंकि उसका कारण

ही उस व्यक्ति को पता नहीं है कि उसे क्या फायदा है और क्या नुकसान। इस तरह परिपक्य व्यक्ति जो जानता समझता हो कि पर्यावरण नियमों का पालन हो रहा है, नहीं हो रहा है इस स्थिति में जिसकी मानसिक अवस्था है जो मेच्योर है कहिये उनकी सहमती वो भी तर्क संगत सहमतियों को जनसुनवाई की प्रक्रिया में वैध माना जाना चाहिए बाकी सिर्फ मेरी सहमती है या विरोध है ऐसे जो भी अभिमत आ रहे है उन्हे अवैध घोषित कर देना चाहिए। जनसुनवाई के लिये निरंतर सुधार की आवश्यकता है जिला मुख्यालय में पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जिला पर्यावरण विभाग है और नोटिफिकेशन के माध्यम से या जिन–जिन माध्यम से जो नियमों में प्रावधानों में प्रावधानित है उन माध्यमों से उस क्षेत्र की जनता को, उस प्रदेश की जनता को जागरूक करने का जवाबदेही भी पर्यावरण विभाग को है जिला प्रशासन को है जो नहीं किया जाता जिससे पर्यावरण से संबंधित जनसुनवाई का उद्देश्य निरर्थक सिद्ध हो रहा है। जो कंपनियां ई.आई.ए. रिपोर्ट तैयार करती है वो टेबल में बैठ करके आंकड़े सब इकट्ठा कर लेती है क्या रायगढ़ जिले में विगत वर्षो की अपेक्षा वर्तमान सत्र में सड़क दुर्घटनाओं में कितनी वृद्धि हुई ये आंकड़ा तो प्रशासन के पास है वो एशोसियेट कंपनी उन आंकड़ो को क्यों प्राप्त नहीं करती स्वास्थ्य अमले के पास में कितने मरीजो की उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है, स्वास्थ्य के मरीज, दमा के मरीज, केंसर के मरीज उन आंकड़ो को क्यों दर्शाया नहीं जाता है। एशोसियेट का जो ई.आई.ए. रिपोर्ट बनाने की जो प्रक्रिया है वह असंवैधानिक है उस पर पूर्णरूप से विराम लगनी चाहिए, और ई.आई.ए. रिपोर्ट को शासन की जवाबदेही होनी चाहिए कि किसी भी कंपनी के विस्तार के लिये या नये स्थापना के लिये ई.आई.ए. रिपोर्ट तैयार की जाती है तो उसमें स्थानीय प्रशासन, राज्य शासन अपने आंकड़े उपलब्ध करवाती हर संबंधित जानकारी के हिसाब से कि ग्राउंड वाटर लेबल कितना नीचे गया है, कितनी उद्योगे है, उनमें कितना पानी का दोहन हो रहा है। वर्तमान स्थिति में हर वर्ष औद्योगिक क्षेत्रों में जल, वायु, मिट्टी और अन्य प्रकार के जो प्रदूषण है उसमें उत्तरोत्तर कितनी वृद्धि हुई है उसके आंकड़े क्या है ये सर्वे प्रतिवर्ष औद्योगिक क्षेत्र में होनी चाहिए और उन आंकड़ो के आधार पर ई.आई.ए. रिपोर्ट बनाया जाना चाहिए मेसर्स व्ही.ए. पॉवर एण्ड स्टील प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा जो राज्य सरकार को आवेदन किया गया था उस आवेदन के समय–सीमा पर जनसुनवाई नहीं हो पाना नियमों की अवहेलना है और मान्नीय पीठासीन अधिकारी महोदय से निवेदन है कि जो प्रावधान प्रावधानित है अधिसूचना में 2006 के अंतर्गत जो जनसुनवाई के लिये नियम बने हुये है उस नियमों के तहत् अगर जनसुनवाई नहीं हो रही है और जनसुनवाई की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है तो उस पर जवाबदेही किसकी बनती है। इस कंपनी का ई.आई.ए. रिपोर्ट की समरी ही हिन्दी भाषा में है मैं खुद अंग्रेजी पढ़ा–लिखा नहीं हूँ मैं ई.आई.ए. रिपोर्ट नहीं पढ़ सकता तो मैं आपत्ति और सहमति कैसे दर्ज कर पाउंगा, तो जनसुनवाई का जो उद्देश्य है उस क्षेत्र में उद्योगो के बड़ने से उसके विस्तार से क्या–क्या लाभ और हानि हो रहे है इसकी समझ आम जनता को नहीं होगी तो जनसुनवाई का उद्देश्य जो है वो विफल है और अब तक एक परम्परा सी बन गई है चुनाव में जो प्रक्रिया का पालन होता है कि गाड़ी में लाओ, मत डलवाओ, पैसा दो, खाना खिलाओं यहा भी भोजन का स्टॉल लगा हुआ है। मैं मान्नीय पीठासीन अधिकारी महोदय से निवेदन करूंगा कि जो विडियोग्राफी हो रही है वो आस–पास के क्षेत्रों का हो जिससे जायजा लग सके कि यहा जो अभिमत दर्ज करने वाले लोग आये है उनको प्रभावित करने का इस कंपनी ने प्रयास किया है और वो मान्नीय पीठासीन अधिकारी के जानकारी में अगर है तो उस पर अलग से कार्यवाही संस्थित होना चाहिए। इस प्लांट के शुरूवाती दौर में और अब तक पर्यावरण विभाग ने जितने भी निरीक्षण किये है कुल निरीक्षणों

की कापी मेरे पास में है और पर्यावरण नियमों का उल्लंघन हुआ है तो बिना दण्ड मिले उस कंपनी को विस्तार के लिये जनसुनवाई की प्रक्रिया को प्रारंभ करना उस कंपनी को प्रशासन द्वारा उत्तरीत करना है। पर्यावरण मंत्रालय पर्यावरण कानून को उतना मजबुत नहीं बना पा रही है मैं इस जनसुनवाई के माध्यम से क्योंकि हम किसी को जान से मारने का प्रयास करते है तो धाराये लगती है 307, और कोई मर जाता है तो 302 लगता है, हत्या का अपराध और ये इस क्षेत्र की कंपनियां या प्रदेश में या देश में ये कंपनियां पर्यावरण नियमों का उल्लंघन कर रही है जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है और आम आदमी मृत्यु को भी प्राप्त हो रहे है तो पर्यावरण विभाग क्यों शिथिल नियम बनाया हुआ है कि ऐसे उद्योगो के ऊपर 307, 302 के अपराध क्यों दर्ज नहीं हो रहे है पर्यावरण कानून जब तक मजबुत नहीं होगा पर्यावरण संतुलन की दिशा में कही भी उम्मीद किया जाना ये संतुलित होगा एक कोई कल्पना है और विभाग की अपनी व्यवस्था हमारे अधिकारीगण बताते है कि हम सिर्फ निरीक्षण में निरीक्षण टीप लिखकर के न्यायालय में वाद प्रस्तुत कर सकते है ये बड़ी विडम्बना है कि जब भी कानून का उल्लंघन होता है तो जिस कानून का उल्लंघन होता है उसके लिये एफ.आई.आर. होना चाहिए प्रथम सूचना रिपोर्ट अपराधिक प्रकरण थाने में दर्ज होनी चाहिए, उसकी गिरफ्तारी हो ठीक है पर्यावरण विभाग नियमों में कड़ाई नहीं कर रही है लेकिन मेरे को नहीं लगता ऐसा अधिकार और लिखित में लेने की जरूरत है कि एक ही ठो प्रक्रिया हो की कोई कंपनी पर्यावरण नियमों का उल्लंघन कर रही है तो उसका एक रिपोर्ट आप प्रस्तुत करें और न्यायालय में परिवाद दायर करें, हमारे सक्षम अधिकारी पर्यावरण विभाग के उनकी अंतर्भूत जो शक्तियां जो है उसके तहत वो अपराधिक प्रकरण भी दर्ज कर सकते है जो अब तक नहीं किया जाता है। जिले में जो कार्यालय खुला हुआ है उस कार्यालय में सहमति, आपत्ति के लिये एक समुचित व्यवस्था पर्यावरण मंत्रालय को करनी चाहिए ताकि ये अनावश्यक खर्च और प्रशासनिक अमला का दुरूपयोग जो हो रहा है उस पर रोक लगे पुरे जिले में हम सही ढंग से नहीं जान पा रहे है कि किस दिवस में कौन सी जनसुनवाई होनी है और उससे क्या लाभ, क्या हानि होना है इन परिस्थितियों में पर्यावरण विभाग स्थानिय प्रशासन जो नियमों के अंतर्गत प्रचार–प्रसार का जिम्मेदारी उनके ऊपर है उसको भी कर पाने में वो विफल है मैं इस कंपनी का पूर्णरूप से विरोध करता हूॅ। यह पर्यावरण नियमों के विरूद्ध की जाने वाली जनसुनवाई है। इसको तत्काल यही पर निरस्त किया जाना चाहिए ताकि आने वाले समय में आम नागरीको का जिला प्रशासन के ऊपर में विश्वास बन सके, क्योंकि अब तक पीठासीन अधिकारी महोदय जो जवाबदेही होती है वो सिर्फ जनसुनवाई करवाने तक। मान्नीय पीठासीन अधिकारी महोदय दो पदो पर आसीन है एक न्यायिक पद, एक प्रशासनिक पद और दोनो की अंतरभूत शक्तियां जिला स्तर के भौगोलिक परिक्षेत्र में अनंत है और बहुत शक्तिशाली है लेकिन अभी तक मेरे जीवन के इतिहास में किसी भी पीठासीन अधिकारी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं किया ये सबसे बहुत ही दूखदायी स्थिति है और ना ही पर्यावरण अधिकारी ने क्या कंपनियों की जनसुनवाई में सिर्फ आम नागरिकों को ही अपना अभिमत दर्ज कराने का अधिकार है या ऐसा प्रावधान है बाकी नागरिक, नागरिक नहीं है पर्यावरण मंत्रालय को उस क्षेत्र के, उस जिले के जो प्रभावित क्षेत्र है वहा के शतप्रतिशत लोगो की अभिमत लेने की जवाबदेही होनी चाहिए ये पर्यावरण मंत्रालय को निर्धारित करना चाहिए कि शतप्रतिशत जो व्यस्क लोग है उसका अभिमत प्राप्त हो और उन्हे उस परियोजना से संबंधित सारी जानकारियां उपलब्ध हो जो अब तक नहीं हो पा रहा है। प्रावधानों में संशोधन के पश्चात क्षेत्रीय भाषाओं में अब ये हिन्दी भाषी प्रदेश है तो यहा हिन्दी में सम्पुर्ण ई.आई.ए. रिपोर्ट की कापी बननी चाहिए थी

ऐशोसियेट कंपनी को बनानी चाहिए थी जो नहीं बनाया जो कानून का उल्लंघन है, पर्यावरणीय जनसुनवाई का उल्लंघन है और इस आधार पर कि आम नागरिकों को सही तथ्यों की जानकारी सिर्फ भाषा के चलते नहीं हो पाई ई.आई.ए. रिपोर्ट में उस क्षेत्रीय भाषा में नहीं बन पाने के कारण नहीं हो पाई इस लिये यह जनसुनवाई पूर्ण रूप से असंवैधानिक है अवैध है और पर्यावरण नियमों का उल्लंघन है। जनसुनवाई के पश्चात यहा उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी जैसे पुलिस विभाग के है या अन्य विभागों से है उनकी भी इसमें आवश्यक रूप से सहमति, आपत्ति जो भी अपनी मत है वो दर्ज की जानी चाहिए उसमें स्वयं पीठासीन अधिकारी महोदय की भी अभिमत दर्ज किया जाना चाहिए अगर नहीं किया जा रहा है तो निश्चित रूप से कानून का उल्लंघन जानबुझकर किया जा रहा है उन प्रावधानों का उल्लंघन हो रहा है पुरे प्रदेश और देश में एक परम्परा सी जो चल निकली है जनसुनवाई की एक तंबु पंडाल लगवाओं, खाने की व्यवस्था करों, गांव–गांव में प्रभावित करने के लिये सुविधाये दो, आश्वासन दो क्या उस संबंधित उद्योग जिसमें जमीन गई है या संबंधित पंचायत जो प्रभावित हो रहे है वहा उस कंपनी के द्वारा क्या–क्या किया गया है क्या जमीन ली गई तो जमीन मालिकों को सम्पूर्ण आवास नीति के तहत् उसका लाभ मिल पाया है या नहीं मिल पाया है यह भी ई.आई.ए. रिपोर्ट में दर्ज किया जाना चाहिए, जो एशोसियेट कंपनियां संविधान में वर्णित अधिसूचित क्षेत्र पॉचवी और छठवी अनुसूची का जो अनुच्छेद है यह क्षेत्र अनुसूचित क्षेत्र है और अनुसूचित क्षेत्र में शासन, प्रशासन को निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। इसका सम्पूर्ण नेत्रत्व या जिम्मेदारी मान्नीय महामहिम राष्ट्रपति महोदय और राज्यपाल महोदय के अधिकार क्षेत्र में है लेकिन जनसुनवाई और उद्योग स्थापना के लिये अधिसूचित क्षेत्रों में जो प्रक्रिया पूरी होनी चाहिए। सर्वप्रथम उद्योग स्थापना के 10 किलोमीटर के अंदर में जितने भी ग्रामपंचात है उसकी ग्रामसभा में सहमति, और उस सहमति के आधार पर राज्यपाल महोदय और राष्ट्रपति महोदय से उसका अनुमोदन होकर के उसमें अनुमति होना अनिवार्य है अन्यथा संविधान में जो अनुच्छेद उल्लेखित किये गये है पॉचवी, छठवी उसका कोई औचित्य नहीं है, उसका जब परिपालन ही नहीं होना है तो संविधान में उल्लेख करके क्या लोगो को भ्रमित किया जा रहा है या पर्यावरणीय जनसुनवाई के नाम से सीधे–सीधे जिला प्रशासन राज्य शासन के द्वारा संविधान का उल्लंघन किया जा रहा है तो इस प्रक्रिया में जो भी प्रावधानों में त्रुटी जानबुझकर के हो रही है क्योंकि मैं यह नहीं कह सकता की मान्नीय पीठासीन अधिकारी महोदय जिस कुर्सी पर है उन्हे प्रावधान मालूम नहीं है। मैं मान्नीय पीठासीन अधिकारी महोदय से एक नागरिक होने से सादर अपेक्षा रखता हूॅ अगर पर्यावरण जनसुनवाई के जो प्रावधान है सम्पूर्ण प्रावधान का अगर अध्ययन उनके द्वारा नहीं हुआ है तो वो अध्ययन कर लें उसके पश्चात ही अपनी अंतिम रिपोर्ट राज्य शासन को प्रेषित करें। ये मैं सादर आग्रह करूंगा और मेरी सादर अपेक्षा है कि वो अपने जवाबदेही का निर्वहन उन नियमों और प्रावधानों के अंतर्गत उसको ध्यान में रख कर करें, जिसके अंतर्गत जनसुनवाई की प्रक्रिया के लिये अधिनियम 2006 बनाया गया है उसके पश्चात जितने भी संशोधित अधिनियम है प्रावधान जो संशोधित हुये है उनका किन–किन बिन्दुओं पर परिपालन हुआ है और अगर नहीं हुआ है और एशोसियेट कंपनी जानबुझकर नियमों का पालन नहीं की है कंपनी का जो निर्देशक मंण्डल है उसके द्वारा अगर प्रावधानों का उल्लंघन हुआ है तो निश्चित रूप से उसमें अपराधिक प्रकरण मान्नीय पीठासीन अधिकारी महोदय को दर्ज करानी चाहिए और अगर नहीं कराया जाता है क्योंकि जितने नियम बने हुये है उन नियमों का 75 फीसिदी परिपालन नहीं हो पा रहा है ये मेरे जैसा कम पढ़ा–लिखा आदमी देख रहा है ये इसी जनसुनवाई की बात नहीं है ये परम्परा सी चल निकली

है कि जनसुनवाई करानी है। कई बार ऐसी स्थितियां उत्पन्न होती है जिसकी जानकारी हमको प्रशासनिक वर्ग से मिलती है कि जनसुनवाई स्थगित कर दिया गया है अभी हम लोग जानकारी लेते है और जानबुझके नियमों की अनदेखी की जा रही है तो मैं पुनः पीठासीन अधिकारी महोदय से ये निवेदन करूंगा कि स्वयं अपने स्तर पर स्वास्थ्य विभाग से आंकड़े मंगवाये कि निरंत पॉच वर्षो में इस जिले में और इस क्षेत्र में किन–किन बीमारियों में कितनी बढ़ोतरी हुई है उनके आंकड़े जिला प्रशासन के पास में है। इस क्षेत्र का जलस्तर कितना गिरा है उसके भी आंकड़े को अपने अंतिम रिपोर्ट जिसे प्रेषित किया जाता है राज्य सरकार को, पर्यावरण मंत्रालय को उसमें दर्ज करें। होने वाली दुर्घटनाओं में मृत्यु और विकलांग लोगो की भी जनसंख्या को दर्ज मान्नीय पीठासीन महोदय करें। मेसर्स व्ही.ए. पॉवर एण्ड स्टील प्राईवेट लिमिटेड की जनसुनवाई के लिये भाई रमेश अग्रवाल ने एक बिन्दु को रखी थी कि इसका मूल्यांकन के लिये जो–जो प्वाईंट दर्शाया गया वो एक है तो वो एक ही कंपनी के द्वारा 02 कंपनियों के लिये ई.आई.ए. रिपोर्ट तैयार करना या 03 ई.आई.ए. रिपोर्ट तैयार करना एडवांस में होने वाले अग्रिम जनुसनवाई के लिये भी ऐसे आंकड़े तैयार किये जा रहे है और उस पर आपत्ति आ रही है तो निश्चित रूप से ई.आई.ए. में जो आंकड़े दर्ज है क्योंकि अपन तो अंग्रेजी पढ़ना नहीं जानते और जनसुनवाई में यह संशोधित अधिनियम आया है कि उस क्षेत्रीय भाषा में वहा का ई.आई.ए. रिपोर्ट होना चाहिए आज के इस जनसुनवाई में सम्पूर्ण ई.आई.ए. रिपोर्ट हिन्दी में नहीं होने के कारण हमारी जो आपत्तियां या सहमति है वो निर्रथक है और आज की इस जनसुनवाई में जितने लोगो ने जो अंग्रेजी पढ़ा है वो ठीक है ज्ञाता है उन्होने दर्ज किया है अच्छी बात है लेकिन बाकी जिन लोगो ने दर्ज किया है अपनी सहमति और आपत्ति वो जानकारी के अभाव में किया है और अगर जानकारी के अभाव में ये सब चीज हो रहा है और प्रावधान संशोधित होने के बाद भी उसका परिपालन नहीं हो रहा है और जनसुनवाई की प्रक्रिया जिला प्रशासन द्वारा, राज्य शासन द्वारा, या राजनीतिक दबाव में इस ढंग से हो रहा है तो वह कानून को धता बताना है उसका मजाक उड़ाना है और अधिनियमों की अनदेखी, तो महत्वपूर्ण जनसुनवाई स्थल के सम्पूर्ण परिक्षेत्र की विडियोग्राफी शुरू से लेकर आखरी तक होनी चाहिए ये मेरो सुझाव पर्यावरण मंत्रालय के लिये है के किन–किन वाहनों से ग्रामीण क्षेत्र के लोग आ रहे है और वाहनों के मालिक कौन है। उन वाहनों के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए कि वाहन किसके है और किसके द्वारा लाया जा रहा है और ग्रामीणों के भी अभिमत शासन के द्वारा लिया जाना चाहिए क्यां आप किस वाहन से आ रहे है तो इस वाहन को किसने उपलब्ध करवाया है आपको हमारे देख में चुनाव प्रक्रिया की स्थिति जो बनी हुई है और निर्वाचन आयोग की जो स्थिति है निर्वाचन आयोग जिस तरह से शुन्य है वैसी पर्यावरण मंत्रालय की भी शुन्यता स्पष्ट दिखाई दे रही है। प्रावधान, नियम सिर्फ समाचार पत्रों में मिडिया में प्रचारित करने के लिये बताया जा रहा है कि देश में ये कानून है, ये संविधान है जबकी संविधान का पालन कही किसी भी जनप्रतिनिधि के द्वारा या चुने हुये जनसेवक के द्वारा नहीं किया जा रहा है नागरिक जिसे संवैधानिक अधिकार प्राप्त है हो रहा है कि वो इस देश का लोकतंत्र का प्रमुख हिस्सा है वो सेवको के सामने करना पढ़ रहा है बार–बार बताना पड़ रहा है कि किन कानूनों का उल्लंघन हो रहा है, इतना सब कुछ होने के बाद अगर जनसुनवाई चल रही है तो स्थानिय प्रशासन कि उसमें उस कानून के उल्लंघन में महत्वपूर्ण भुमिका है और अभी तक रायगढ़ जिले में या छत्तीसगढ़ में या पुरे देश में ऐसा कोई इतिहास अभी तक नहीं बन पाया है कि पीठासीन अधिकारी महोदय ने गंभीतरा पूर्वक जनसुनवाई के नियमों का अवलोकन किया हो और अगर उन बिन्दुओं पर उन नियमों पर

जनुसनवाई नहीं हो रही है तो उसको निरस्त किया गया मैं एक नागरीक होने के नाते मान्नीय पीठासीन अधिकारी महोदय से जानना चाहुंगा कि इस जनसुनवाई से पूर्व उनके द्वारा और जनसुनवाई करवाई जा चुकी है या सम्पूर्ण जनसुनवाई के नियमों का उनको ज्ञान है इस पर मैं मान्नीय पीठासीन अधिकारी महोदय का अभिमत चाहुंगा क्योंकि यह भी मेरे को जानने का अधिकार है कि आपके द्वारा और अन्य जनसनुवाई की गई है कि नहीं और अगर अभी आप करवा रहे है तो नियमित जानकारी है कि नहीं और अगर आप मौन है तो मैं ये मान लूं आपको नियमों की जानकारी नहीं है अगर होती तो अभी मैं आपसे उन अधिनियमों के संबंध में प्रश्न करता और मैं संतुष्ट हो जाता कि आपको जानकारी हे या नहीं। धन्यवाद। आप इस संबंध में मौन रहकर और न्यायिक पद, प्रशासनिक पद जिले में जो सर्वोच्च पद है आपका पीठासीन अधिकारी होते हुये भी आप उसका उल्लंघन कर रहे है इसलिये यह जनसुनवाई पूर्ण रूप से अवैध है अगर पर्यावरण मंत्रालय इस जनसुनवाई को अनुमति देती है तो ओ भी निश्चित रूप से कानून का उल्लंघन कर ही हैं संविधान का उल्लंघन कर रहे हैं। और संविधान का उल्लंघन कानून का उल्लंघन आज यहां हो रहा है ऐसा नहीं है पूरे देश में हो रहा है जिसे चुने हुये जन प्रतिनिधि और जो प्रशासनिक सेवा में जन सेवा में सेवक की स्थिति में है ओ चर्चा करने से भी कतरा रहे हैं इस मंच से आज प्रमाणीत होता है की मान्नीय पीठासीन अधिकारी महोदय कानुन नहीं जानते हुये भी वो इस मंच पर बैठे है और इस जनुसनवाई का पूर्ण करवा रहे है इसलिये मैं पुनः रूप से अपेक्षा रखूंगा और पर्यावरण अधिकारी महोदय से भी अपेक्षा रखूंगा कि आप लोग अपनी अंतरभूत शक्तियों का इस्तेमाल करे उनका उपयोग करे और अंतिम रिपोर्ट में यही पर इस जनसुनवाई को निरस्त करने के लिये जो प्रावधान क विपरीत है उसकी संस्तुती करें यही पीठासीन अधिकारी महोदय से भी मेरा सादर निवेदन है कि जो आज के लोकतंत्र में जो बना हुआ है माहौल राजनीतिक दबाव, प्रशासनिक दबाव अगर उस दबाव में भी है तो आज जनता के जीवन के लिये इस पर्यावरण संतुलन के लिये आपसे सादर अपेक्षा है कि आप संविधान का पालन करेंगे इसी अपेक्षा के साथ मैं आज की इस जनसुवाई को अवैधानिक घोषित करता हूँ इसमें उपस्थित समस्त प्रशासनिक अधिकारी जो संलिप्त है वो इस अवैधानिक जनसुनवाई को करवाने में सहयोगी है और वो भी उतने ही दंड के भागी है जितना उस एशोसियेट कंपनी ने जिसने ई.आई.ए. रिपोर्ट तैयार किया है या उस व्यक्ति ने जिसने करवाया है वो भी दंड के पात्र है। जय हिन्द।

620. विनोद कुमार डनसेना, गेरवानी – सर इससे पहले भी जो जनसुनवाई हुई थी उस पर भी मैने कोस्च्यन किया था बगल में सर भी बैठे हुये है लेकिन आज तक मेरे को उसका जवाब नहीं मिला सर मैं लास्ट तक था पिछले बार भी लेकिन उसका जवाब मेरे को आज तक नहीं मिला कि जो इस उद्योग से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ के निपटान की क्या प्रक्रिया है मेरे को आपकी प्रतिक्रिया चाहिये कि इसके निपटान की क्या व्यवस्था है आप देंगे सर ऐसा मै आशा रखता हूँ। सर मैं एक–एक प्वाईंट बताउंगा पहले आप इसका जवाब देदे। सर इसमें जो दर्शाया गया है इसपर पुरी क्लीयर इसपर जानकारी नहीं दी गई है सर केवल यह बताया गया है निपटान की व्यवस्था है लेकिन क्या व्यवस्था है इसपर नहीं बताया गया है सर, कृपया बताये। सर इसके उद्योग की साउंड की बात हुई है इसकी हर उद्योग की यही बात होती है साउंड दर्शा तो कम दिया जाता है लेकिन सर आप ही बताईये ये 70 डी.बी. से कम होगी साउंड। सर ऐसा कौन सा उद्योग है सामान्य फुसफुसाहट की बात करे तो सर 15 से 20 डेसीबल होता है और आप किसी बातचीत की बात करे तो 55 से 70 डेसीबल होता है सर इसमें 75 दर्शाया गया है, एक उद्योग की 75 सर। एक

उद्योग कभी 75 डेसीबल आवाज देगा सर ये रिपार्ट बनी हुई है। सर छोटी प्लांट है ठीक है सर हम समर्थन करते है सर लेकिन ऐसा नहीं है सर की रिपोर्ट में कुछ भी दे दिया जाये। इससे पहले मैने शिकायत किया था आपको पता होगा गेरवानी से दो प्लांट था सालासर स्टील और अंजनी स्टील दिन भर प्राण पी के रखे रहते है सर दिन भर बजते रहते है, दिन भर बजते रहते है अभी कुछ राहत है इसमें मैने जो आवेदन दिया था उसमें मुझे राहत मिली है, पुरा साउंड बंद हुआ है लेकिन सर 75 डेसीबल वहा भी वही स्थिति है सर, कल भी देखा तो मौसम ठीक है सर मौसम खराब रहे तो ठीक है कोई आय तो समझ में आता है सर हरदम यही स्थिति है यहा की और यहा 75 डसीबल दर्शाया गया है सर लाउड स्पिकर जो बजते है वो 70 टू 80 डेसीबल होते है, लाउड स्पीकर और सर उद्योग का ऐसा दर्शाया गया है। दूसरा सर इसमें दर्शाया गया है कि ठोस अपशिष्टों का निपटान, उपयोग नियमानुसार किया जाना प्रस्तावित है। सर नियम क्या होता है मेरे को यह बता दीजिए सर। सर आप ये देखे कि नियम क्या होता है कैसे होता है 20 फीट पहाड़ बना दिया गया है पुरे आस–पास के क्षेत्र का कभी उस पर कार्यवाही नहीं होती है सर। कैसे होगा बताईये ये। दूसरी बात सर जल की जल समस्या में ये बताया गया है की केवल कुलिंग सर्किट स्त्रोत लगाया जाना प्रस्तावित है एवं फेरो एलायज प्रक्रिया से किसी भी प्रकार का दूषित जल उत्सर्जन नहीं होगा। सर मेरे घर में 15 सौ लीटर की टंकी है मैं सर रोज कम से कम 600 से 700 लीटर पानी का उपयोग करता हूॅ कैसे ये सर उद्योग दूषित जल छोड़ेगा ही नहीं ऐसा पूरा लिख दिया गया है सर ऐसा कोई प्रक्रिया है सर बताईये। इसके निपटान की कोई उचित प्रक्रिया होनी चाहिए सर। इसमें सीधा लिख दिया गया है कि दूषित जल का केवल जीरो प्वाईंट घनमीटर एक दिन में होगा और बाकी और बाकी कोई उद्योग अपशिष्ट जल नहीं छोड़ती क्या? दूसरी सर इसमें बात की गई है पर्यावरण के विवरण के बारे में प्रस्तावित स्थल के 10 किलोमीटर के त्रिज्या में सभी पर्यावरण कारको जैसे परिवेशीय वायु गुणवत्ता, जल गुणवत्ता, ध्वनि स्तर पेड़ पौधे जीव जन्तु, सामाजीक आर्थिक स्थिति के आधार पर बेस डाटा लाईन बनाया जायेगा। क्या सर उद्योग के आस–पास वृक्ष लगा देने से ही हो जाता है सर मैं किसी एक उद्योग की बात नहीं कर रहा हूॅ मैं सारे उद्योग की बात कर रहा हूॅ मैं किसी एक उद्योग की बात नहीं कर रहा हूॅ यह एक छोटी उद्योग है मैं मानता हूॅ की छोटी उद्योग ही लोगो को रोजगार देती है बड़ी उद्योग तो देती ही नहीं है सर केवल यही बता देती है कि हमारी स्थिति खराब है, स्थिति बताकर लोगो को बाहर कर दिया जाता है लेकिन ये छोटी उद्योग ही लोगो को रोजगार देती है लेकिन ये छोटी–छोटी चीज में भी ई.आई.ए. रिपोर्ट में गलत डाटा देती है। दूसरा सर यह सबसे महत्वपूर्ण प्वाईंट मेरे को यह प्रश्न कहना है। प्रस्तावित क्षमता के संयंत्र के निर्माण एवं संचालन से स्थानियत लोगो को रोजगार के अनेक अवसर बने, जिसके कारण सामाजीक, आर्थिक स्थिति पर अच्छे प्रभाव पड़ेंगे प्रस्तावित क्षमता विस्तार की कुल लागत का 2.5 प्रतिशित निर्मित सामाजीक दायित्व के निर्वहन में नियत की जावेगी। सर मुझे यह पता नहीं है की 2.5 प्रतिशत कहा खर्च होगी, क्या असम, मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम कहा खर्च होती है सर मुझे बताया जाये। कार्पोरेट टेक्स के नाम से वसुल तो कर ली जाती है लेकिन खर्च की कोई विधि नहीं है। ये खर्च रायपुर में होती है रायगढ़ में होती है कहा होती है? सर कृपया बताये इसको। क्योंकि सर इसके माध्यम से निश्चित उत्तरदायित्व आरोपित किया गया है उद्योग के ऊपर की ये 2.5 प्रतिशत कुल लागत का खर्चा करेंगी। लेकिन सर ये कहा करेगी ये तो विधि होनी चाहिए हमको जानकारी होनी चाहिए यह मेरा व्यक्तिगत जानकारी के लिये चाहिए कि 2.5 प्रतिशत कहा खर्च होती है। ये भी मेरा प्रश्न है सर। दूसरी

इसमें पारदर्शिता लानी चाहिए कि कहा खर्च होगी, प्रदूषण हम झेले, बेरोजगारी हम झेले, रोड के एक्सिडेंट हम झेले और खर्च हो रहा है नया रायपुर बनने में, आई.आई.टी. बनने में आई.आई.एम. बनने में ऐसी व्यवस्था नहीं होनी चाहिए इसका मेरे को क्लीयर जानकारी दे ऐसा बोलिये उन्हे की 2.5 प्रतिशत कहा खर्च होगा।

621. खीरसागर मालाकर, तराईमाल – जैसे बचपन से हम लोग पड़ते आये है जहां–जहां अवस्किार है वहां थोड़ा सा तो अभिशाप भी है। जैसे जहा इक्यूपमेंट लगते है मशीनरी लगते वहा कुछ प्रतिशत धुआं भी संभव है जितने भी क्षेत्रवासी है जैसे क्षेत्र में पर्टिकुलर किल्न लगा है तो उसका धुंआ उस क्षेत्रवासियों को ही खाना होगा। लेकिन उस उद्योग को चाहिए की उस क्षेत्र में निवासरत जितने भी आदमी है, जितने भी कुशल, अकुशल नागरिक है, नवयुवक है सबको रोजगार का अवसर देना चाहिए उनको और ऐसे बोल देना जायज नहीं है कि उद्योग के क्षमता विस्तार का विरोध करता हूॅ करके तहे दिल से कोई भी नहीं चाहता की उद्योग का विस्तार न हो करके क्योंकि उद्योग का विस्तार होगा तभी क्षेत्रवासियों का विकास होगा। विस्तार से ही विकास है जहा 04 मशीनरी लगी होगी वहा 04 आपरेटरो की जरूरत होगी और 02–02 हेल्फरो की जरूरत होगी। वही रोजगार के अवसर कुल बढ़ जाते है वहीं व्यापारी वर्ग होंगे उनका भी व्यापार के अवसर बड़ जाते है तो फैक्ट्री से आवेदन है निवेदन है कि क्षेत्रिय वासियों को रोजगार का अवसर दे और जो भी अपने डस्ट कन्ट्रोलर इक्यूपमेंट लगे हुये है, इ.एस.पी. वगैरह लगे हुये है उनका प्रापर चेक करे उनमे नये–नये बैग फिल्टर प्रापर बदला जावे और शासन प्रशासन इसका विशेष तौर पर ध्यान रखे कि उन प्लांट में नियत समय में उसका बैग फिल्टर या जो भी पाल्यूशन कन्ट्रोल इक्यूपमेंट है, जो पानी की व्यवस्था है जैसे विनोद भाई ने भी बताया जो–जो रिपोर्ट गलत है वैसा न पेश करे। शासन इसपे ध्यान रखे इतना कहकर मैं फैक्ट्री के क्षमता विस्तार का समर्थन करता हूॅ उद्योग दिन–दोगुनी और रात को चौगुनी विस्तार करे लेकिन समाज के सभी स्थानिय लोगो के विकास के साथ।

622. पंचराम मालाकार, उपसरपंच, तराईमाल – फैक्ट्रीयां तो बहुत सारा आया है फैक्ट्री आने से विस्तार तो हुआ है, विकास भी हुआ है फैक्ट्री लगने से कुछ तो धुल धक्कड़, धुआं खाना ही पड़ेगा लेकिन उसके साथ विकास भी तो हुआ है और हमारे जनता को रोजगार भी मिला है वो पढ़े–लिखे नवयुवक को उनके क्षमता के अनुसार से हर फैक्ट्री में हमारे माध्यम से भी कई फैक्ट्री को लगाया गया है। अभी वे रोजगार है, सक्षम है और वर्तमान में अभी हमारे थाने पूंजीपथरा में नये–नये लड़के जो इंजीनियर करके निकल रहे है। मैं अपर कलेक्टर महोदय से निवेदन करता हूॅ कि इंजीनियर निकल रहे है उनको रोजगार का अवसर दे। बहुत सारे हमारे गांव में अभी भी पड़े हुये है रोजगार उनको ढंग से नहीं मिला है। इस बात को थोड़ा सा वे ध्यान करते हुये आस–पास के क्षेत्र 04–05 पंचायत अभी आ रहा है उसके आधार से वो लिस्ट बनवाये और जहां जरूरत है इंजीनियर का वहां भर्ती किया जाये और हर फैक्ट्री को बोला जा रहा है कि सी.एस. आर. मद से कुछ न कुछ खर्चा करे हमारे बंजारी माँ में योगदान करे। ये धार्मिक स्थल बना है यहां भी हर प्रांत से दर्शन करने आते है। अगले बार भी मैं बोला था कि इनके पहले जो फैक्ट्रीयां जनसुनवाई हुआ था तो बोला गया था कम से कम यहा दो लेबर दे–दे, गार्डन का देख–रेख किया जाये, पानी सिंचित किया जाये लेकिन वो अभी तक भी कुछ नहीं करवाया गया। मेरा अनुरोध है कि कम से कम बंजारी मंदिर में तो दान–पून्य करें विस्तार तो होगा ही और मैं पुरे पॉवर लिमिटेड का मैं विस्तार के लिये समर्थन करता हूॅ। विस्तार लेकिन उसके साथ हमारे डॉक्टर साहब का फैक्ट्री है विस्तार करे, अच्छा से विस्तार करे लेकिन

स्वास्थ्य को ध्यान करते हुये कम से कम 01 साल में 01 स्वास्थ्य कैम्प लगा दे आस–पास के बच्चे जो है ना स्कूल के बच्चे, जो भी आस–पास के बुजुर्ग है उनके स्वास्थ्य के रक्षा के लिये जॉच हो कुछ उसके तरफ से मुफ्त में दवा भी वितरण किया जाये। मैं उनके लिये सबसे धन्यवाद देता हूॅ मेरे को हाथ हिला के बोले कि स्वास्थ्य का कम से कम 01 साल में मैं उसे करवाउंगा करके। उनका समर्थन हो अच्छा से उनका फैक्ट्री का तरक्की हो। धन्यवाद। जय हिन्द।

623. निर्मल कुमार मालाकार, तराईमाल – पहले तो सर ऐसा था कि 10–12 साल हम लोग डोरी, महुआ, तेंदुपत्ता सब करने के लिये जाते थे जंगल में लेकिन जब से प्लांट यहा पे आया है तब से बहुत ही सुकुन है और जो भी रोजगार मिल रहा है और हमारे तराईमाल से कम से कम 20–25 आदमी इस प्लांट में कार्यरत है और बराबर पेमेंट मिल रहा है 8000–9000 जो भी है और सब को लेके चल रहे है तो इस प्लांट का मैं पूर्ण रूप से समर्थन करता हूॅ। जय हिन्दं।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने कहा कि यदि कोई ग्रामीणजन, आस–पास के प्रभावित लोग अपना पक्ष रखने में छूट गये हो तो मंच के पास आ जाये। जनसुनवाई की प्रक्रिया चल रही है। उन्होने पुनः कहा कि कोई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधी छूट गये हो तो वो आ जाये। इस जन सुनवाई के दौरान परियोजना के संबंध में बहुत सारे सुझाव, विचार, आपत्ति लिखित एवं मौखिक में आये है जिसके अभिलेखन की कार्यवाही की गई है। इसके बाद कंपनी के प्रतिनिधि/पर्यावरण कंसलटेंट को जनता द्वारा उठाये गये ज्वलंत मुद्दो तथा अन्य तथ्यों पर कंडिकावार तथ्यात्मक जानकारी/स्पष्टीकरण देने के लिये कहा गया।

कंपनी प्रतिनिधि पर्यावरण कंसल्टेंट श्री महेश्वर रेडडी, पायोनियर इन्वायरो, हैदराबाद – सबसे पहले मुद्दा पब्लिक हेयरिंग 45 दिन बाद हुआ था। ये तो प्रोजेक्ट प्रपोनेंट को हेल्प करने के लिये ही मिनिस्टी ऑफ इनवायरमेंट फारेस्ट ने ये नियम लगाया था, इससे किसी को आपत्ति नहीं होना चाहिए। ये खाली प्रोजेक्ट प्रपोनेंट को दिया है डिले अवाईड करने के लिये ये नियम लगाया। ग्रामपंचायत एप्रुवल, ये प्रोजेक्ट इंडस्ट्रीयल पार्क में है इसलिये ग्रामपंचायत एप्रुवल का जरूरत नहीं पड़ेगा। हम ये रिपोर्ट में एलिफेंट कारिडोर को क्लीयरली स्पेसिफाई किया है और इसके लिये कंसरवेशन प्लान भी प्रिपेयर करके प्रिंसिपल चीफ कंसरवेशन ऑफ फारेस्ट छ.ग. उनसे भी अनुमति लिया था उसमें जो बजट एलोकेट किया है उसको पुरी तरह से नियमानुसार स्पेंड किया जायेगा जिसमें ग्राउण्ड वाटर की उपयोग किया जायेगा। इसमें जो एक्जिस्टिंग प्लांट है उसका 31 किलोलीटर प्रतिदिन की रिक्वारमेंट है ये एक्चूअली 2004 के पहले के यूनिट्स है, आपरेशन में है और उस टाइम में जो सेन्ट्रल ग्राउण्ड वाटर अथारीटी का नियम है जो सेफ जोन केटेगीरी में जो रायगढ़ है उसमें 1000 किलोलीटर प्रतिदिन की क्षमता से कम है तो वाटर परमिशन लेने की जरूरत नही था उस टाईम में है अभी तो क्षमता विस्तार के बारे में जो 29 किलोलीटर पर डे की रिक्वायरमेंट है इसके लिये सेन्ट्रल ग्राउण्ड वाटर से अनुमती लिया जावेगा, यह प्रोसेस में है। ऐयर पाल्युशन, वाटर पाल्युशन के बारे में एक कोस्च्यन आया था इसमें हम इस परियोजना में बैग फिल्टर की व्यवस्था किया जा रहा है और चिमनी की ऊचाई भी सेन्ट्रल पाल्युशन कंट्रोंल बोर्ड के नियमों के अनुसार किया जायेगा और इसमें फर्नेस पुरा कवर्ड होगा, डस्ट सप्रेशन सिस्टम भी लगाया जायेगा ये सब करने से वायु प्रदूषण पर कोई प्रतिकुल प्रभाव नहीं पड़ेगा और पानी के बारे में जो दूषित जल होगी ये कन्टीन्यूअस क्लोज्ड सर्किट कुलिंग सिस्टम लगेगी ये पानी को पुनः उपयोग किया जायेगा इसी अवस्था में इससे कोई दूषित जल बाहर नहीं जायेगा इसमें खाली सेनेट्री वेस्ट वाटर आयेगा इसको सेप्टिक टैंक और सोकपीट में सुट किया जायेगा ये सब करने से जो सालिड वेस्ट का डिस्पोजल है ये सब नियमों के अनुसार किया तो कोई हेल्थ पर भी

कोई इंपेक्ट नहीं पड़ेगा इसमें परियोजना में 4 एकड़ की हरियाली की वृद्धि भी किया गया है जिससे ये एयर पाल्युशन भी, वाटर भी सभी विथईन लिमिट होगा एक मुद्दा, एक कोस्च्यन आया था जिंदल इंडस्ट्रीयल पार्क का इनवायरमेंटल क्लीयरेंस नहीं लिया था सभी यूनिट को क्लीयरेंस लेना पड़ रहा है बोल के इसमें सर सबसे मैं जो ओ.पी. जिंदल इंडस्ट्रीयल पार्क 2006 के पहले स्थापना किया गया था ये नोटिफिकेशन 2006 सेप्टेमब्र या उससे पहले ही स्टेबलीस हुआ इसीलिये इसको इनवायरमेंटल क्लीयरेंश का जरूरत नहीं पड़ा था उस टाइम में इसलीये अभी जो इण्डस्ट्री लगा रहा है उसको इन्वायरमेंटल क्लीयरेंश का जरूरत पड़ रहा है। इसमें लोकल एम्प्लायमेंट तो एक्जिस्टिंग प्लांट में भी स्थानियों लोगो को ही रोजगार दिया जा रहा है और इसका क्षमता विस्तार के बाद भी यही प्रक्रिया जारी रहेगा। इसमें एक मुद्दा आया था सिलिकोसीस इसमें क्वार्टज रॉ मटेरियल उपयोग किया जायेगा सर ये सिलिकोसिस नार्मली सिलिका माईनिंग में होता है जो सेंडमाईन्स इस तरह में जहा वर्कर्स का कन्टिन्यूअस एक्सपोजर होता है 8 घंटा, 10 घंटा, हर एक दिन इस तरह से साल भर में कन्टीन्यूअस चलेगा तभी तो सिलिकोसिस के आने की चांस लगता है सो इस परियोजना में हम पुरी तरह से डस्ट सप्रेशन सिस्टम पुरे–पुरे लगा रहा है इससे सिलिकोसीस के कोई चांस नहीं होता है। क्रोम स्लैग जब फेरो क्रोम मेनुफेक्चिरिंग करता है जो उससे स्लैग निकलता है इस स्लैग को जिगिंग प्लांट में लेकर जिग करने के बाद निकलने वाले व्यर्थ को पी. सी.एल.पी. टेस्ट याने टाक्सिकसीटी कैमिकल लिचेबिलिटी पोटेंसियल टेस्ट मानता है ये एक टेस्ट करा के जो क्रोम कन्टेंट को डिटरमेन करता है जब क्रोम कन्टेन नियमों के अनुसार विथईन द लिमिट है तो इसको डायरेक्टली ब्रिक मेन्युफेक्चर में युज कर सकता है रोड लेइंग में युज कर सकता है या जिंदल पार्क का सालेड वेस्ट डिस्पोजल यार्ड में भी युटिलाईज कर सकता है जो एक्जस्टिंग प्लांट में फेरो क्रोम है नहीं जो एक्पांशन में ही फेरो क्रोम का प्रोडक्शन होगा। इसमें हेक्सावेलेन क्रोमियम जभी लिमिट से ज्यादा है तो तभी तो टाक्सिक बन जाता है जब तक विथईन द लिमिट है तो कोई प्रतिकुल प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसमें पुरा सालिड वेस्ट डिस्पोजल सर हम जो इसमें फेरो सिलिको स्लैग प्रोड्यूस करता है उसको हम यूजर इंडस्ट्री को दे रहा है हम लोग प्रपोज्ड कर रहा है और जो सिलिको मैग्नीज में प्रोड्यूज करने वाला स्लैग को फेरो मैग्नीज में युटिलाईज हो जायेगा और जो फेरो क्रोम का अभी बताया था ये जिगिंग प्लांट लगाके उसके बाद निकलने वाले को टी.सी.एल.पी. टेस्ट करके उसके बाद उसका डिस्पोजल किया जायेगा ये पुरा डिस्पोजल नियमों के अनुसार किया जायेगा। जब क्रोम का क्रोमियम डिटरमिन करके जो हेक्सावेलेंट क्रोमियम विथईन द लिमिट्स से अंदर है तो तभी तो ये यूटिलाईज्ड होगी नही ंतो टी.एस.डी.एफ. को नियरेस्ट टोटल स्टोरेज डिस्पोजल फेसेलिटी मानता है जो हजार्डस वेस्ट का डिस्पोजल तो उस एरिया में दिया जायेगा। ई.आई.ए. रिपोर्ट में हम नाला में पानी नहीं है बोलके इस तरह लिखा था जब जो मानीटरिंग पिरीयेड समर में मार्च टू मई में हमलोग जब जो वाटर सेम्पल कलेक्ट करता है सर्फेस वाटर नाला से कुछ नाला में पानी नहीं था मई मंथ में इसीलिये उस टाईम में पानी नहीं था बोलके लिखा है इसका मतलब नहीं है कि पुरे साल में पानी नहीं है हमने ऐसा कही भी नहीं लिखा है जो सेम्पलिंग पिरीयेड है समर में उस टाईम में कुछ नाला में पानी नहीं था इसीलिये हम सेम्पल नहीं कलेक्ट कर पाया वहीं ई.आई.ए. रिपोर्ट में प्रजेंट किया। जिंदल इंडस्ट्रीयल पार्क में जो इंजीनियरिंग कॉलेज आलरेडी स्टेब्लीज है उस एरिया में वहा हरियाली की वृद्धि है उस एरिया में जो आलरेडी 100 मीटर के थीकनेस में थीक ग्रीनबेल्ट भी है जो इस प्लांट से ज्यादा दूर भी पड़ेगा जो आप एक्जस्टींग प्लांट और विस्तरण के बाद भी नियमों का पालन किया जायेगा तो पर्यावरण पें कोई प्रतिकुल प्रभाव नहीं पड़ेगा जो इंजीनियरिंग कॉलेज पर भी कोई इंपेक्ट नहीं पड़ेगा। नाईस लेबल 70 डेसीबल से भी कम है उधर नार्मली जो नाईस लेबल इंडस्ट्री में ज्यादा निकलता है वो पॉवर प्लांट में

होता है जो नाम में तो पॉवर है लेकिन एक्जस्टिंग में या एक्सपांशन में कोई पॉवर प्लांट की स्थापना प्रस्तावित नहीं है। जो खाली आर्क फर्नेस प्रस्तावना है इसमें चार एकड़ की जमीन में हरियाली विस्तरण किया जायेगा ऑलरेडी किया गया है इससे ध्वनि की मात्रा कम हो जायेगी जो इण्डस्ट्रीयल एरिया में स्टेब्लिज्ड है जो डे टाईम में 75 डेसीबल से कम होना और रात के टाईम में 70 डेसीबल से कम होना तो इससे कम ही होगा। मैं बताया था क्लोज्ड सर्किट कुलिंग सिस्टम लगाया जायेगा इससे कोई दूषित जल बाहर नहीं जायेगा। सी.एस.आर. प्रोजेक्ट 2.5 परसेंट ऑफ द प्रोजेक्ट कास्ट याने 32 लाख रूपये स्थानीय गांव में ही इसका समाज वृद्धि के लिये उपयोग किया जायेगा। 10 किलोमीटर का गांव है उसी के वृद्धि के लिये किया जायेगा। धन्यवाद।

सुनवाई के दौरान 05 अभ्यावेदन प्रस्तुत किये गये तथा पूर्व में 04 अभ्यावेदन प्राप्त हुये है। संपूर्ण लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी की गई। लोकसुनवाई का कार्यवाही विवरण अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा पढ़कर सुनाया गया। तद्पश्चात सांय 04:00 बजे धन्यवाद ज्ञापन के साथ लोकसुनवाई की समाप्ति की घोषणा की गई।

(आर.के. शर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़

(संजय दीवान)
अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)